an>

Title: Need to include Naiya, Khaira and Pujhaar castes of Bihar in the list of Scheduled Tribes.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बाँका, बिहार एवं बिहार के जिला जमुई तथा सीमावर्ती मुंगेर, झारखंड के पहाड़ी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। इन जिलों में नैय्या, खैरा एवं पुझाड़ जाति की अच्छी खासी आबादी है। आज की तिथि में उन्हें अत्यंत पिछड़ा वर्ग में रखा गया है। नैय्या, खैरा एवं पुझाड़ जाति का मुख्य कार्य मजदूरी, जैसे लकड़ी काटना, पत्तल बनाना, मिट्टी काटना, पत्ता बेचना आदि हैं। उनमें शिक्षा का घोर अभाव है। इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत कुछ मकान उन्हें मिल भी जाएं, तो पारिवारिक सदस्य की आकस्मिक मृत्यु के उपरान्त ये आवास छोड़ देते हैं और नये आवास की तलाश में यत्र-तत्र चले जाते हैं। बिहार राज्य में अनुसूचित जनजाति या महादलित जाति की तरह इनकी अत्यंत दुःखदायी स्थिति बनी हुई है। नैय्या और पुझाड़ जाति का खासकर बाँका जिले में बहुत दुःखदायी जीवन है।

अतः मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि बिहार राज्य के जिला बाँका, जमुई, मुंगेर और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली नैय्या, खैरा एवं पुझाड़ जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए ताकि उनकी माली हालत में सुधार हो सके व उनकी आबादी बच सके। धीरे-धीरे उनकी आबादी लुप्त होती जा रही है, समाप्त होती जा रही है। सरकार की तरफ से भी सरकारी संसाधनों में इनकी हकमारी हो रही है। इसलिए मैंने अपने संसदीय क्षेत्र बाँका में अवस्थित नैय्या, खैरा व पुझाड़ जाति को मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Ravinder Kushawaha – not present.

Shri Rajan Vichare.